प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

27 जुलाई 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने तारांकित शृंखला वाले बैंकनोटों पर स्पष्टीकरण दिया

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि बैंकनोटों की संख्या पटल पर मौजूद तारा (*) चिन्ह वाले बैंकनोटों की वैधता हाल ही में कतिपय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चर्चा का विषय रहा है।

इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि तारा (*) चिह्न ऐसे बैंकनोट की संख्या पटल पर अंकित किया जाता है, जिसका उपयोग क्रमांकित बैंकनोटों के 100 नगों वाले पैकेट में दोषपूर्ण मुद्रित बैंकनोटों के प्रतिस्थापन के रूप में किया जाता है। तारा (*) चिन्ह वाला बैंकनोट किसी भी अन्य वैध बैंकनोट के समान होता है, सिवाय इसके कि संख्या पटल के शुरुआत (प्रिफिक्स) और क्रम संख्या के बीच एक तारा (*) चिन्ह अंकित किया जाता है। तारा (*) चिन्ह एक पहचान चिन्ह है कि यह बैंकनोट एक प्रतिस्थापित/ पुनः मुद्रित बैंकनोट है। "तारांकित शृंखला" वाले बैंकनोटों के बारे में जानकारी भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर भारतीय मुद्रा (खंड बी के प्रश्न 9) पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न के भाग के रूप में उपलब्ध है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/653